तारीख हुक्म	बक्शा उर्फ रामबक्स बनाम् कालू वगै0 हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर जज अपील नामान्तकरण मुकदमा नं. 07/2012	

है। इसलिए ग्राम पंचायत का निर्णय दिनांक 20.8.1973 को अपास्त किया जाकर निरस्त किये जाने का निवेदन वकील अपीलान्ट ने अपनी बहस में किया है। ग्राम पंचायत मूण्डरू द्वारा पारित निर्णय दिनांक 20.08.1973 बाबत नामान्तकरण संख्या 416 अपास्त किया जाकर नामान्तकरण स्वीकार किये जाने हेतु अपील नामान्तरकरण पेश की गई है।

हमने अपील अपीलाण्ट एंव अपील पर उपलब्ध दस्तावेजात् जमाबन्दी सम्वत् 2027–2030, 2029–2032, 2042, 2065–2068, नामान्तकरण संख्या 416, पंचायत बैठक प्रस्ताव इत्यादि का अवलोकन किया गया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध समस्त दस्तावेजात के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रकरण में रेस्पोडेन्ट संख्या 1 ता 3 के विरूद्ध हाजिर अदालत नहीं आने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जा चुकी है। रेस्पोडेन्टस सं. 1 के द्वारा अपील को स्वीकार करते हुए अपीलान्टस के पक्ष में राजीनामा दिनांक 09.08.2019 को भी पेश कर तस्दीक कराया जा चुका है। इस प्रकार अपीलाधीन नामान्तकरण में अपीलान्ट बक्शा उर्फ रामबक्स के साथ उसके पुत्र कालू का नाम भी जोड़ा जाना प्रकट होता है। जबकि ग्राम पंचायत मूण्डरू को बिना किसी ठोस आधारों के इस प्रकार से नामान्तकरण में पिता के साथ पुत्र का नाम जोड़े जाने का कोई कानूनन अधिकार नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत मूण्डरू द्वारा स्वीकृत अपीलाधीन नामान्तकरण संख्या 416 पर पारित आदेश दिनांक 20.08.1973 को विधिसम्मत नहीं पाये जाने पर अपास्त किया जाना उचित समझता हूँ।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती है तथा ग्राम पंचायत मूण्डरू पंचायत समिति श्रीमाधोपुर जिला सीकर के नामान्तकरण संख्या 416 पर पारित आदेश दिनांक 20.08.1973 को अपास्त किया जाता है तथा अपील अपीलान्टस तहसीलदार श्रीमाधोपुर को इस निर्देश के साथ रिमाण्ड की जाती है कि वे अपीलान्ट को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए अपना निर्णय पारित करें। पत्रावली इस न्यायालय से फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों।

(लक्ष्मीकान्त)
... श्रीमाधोपुर (...)

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxmi Kant Gupta
Date: 2020.09.29 14:11:18 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
	बक्शा उर्फ रामबक्स बनाम् कालू वगै0 अपील नामान्तकरण मुकदमा नं. 07/2012 यह निर्णय आज दिनांक 13.12.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया। (लक्ष्मीकान्त गुप्ता) उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर(सीकर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxmi Kant Gupta
Date: 2020.09.29 11:11:18 IST
Reason: SelfAttested